## सार-समाचार

### हर्षोल्लास से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। आजादी का पर्व 79वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह पूर्ण गरिमा एवं हर्षोल्लास के साथ 15 अगस्त को पुलिस परेड मैदान में मनाया जाएगा। पुलिस परेड मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इसके पश्चात मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान पुलिस, एनसीसी तथा स्काउट गाईड्स की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा द्वारा राज्यपाल के संदेश का पठन किया जाएगा। इसके पश्चात जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार द्वारा स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों का सम्मान किया जाएगा एवं जिले में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की झांकियों का प्रदर्शन होगा। समारोह में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सामुहिक व्यायाम प्रदर्शन, सामूहिक नृत्य एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर सभी राजकीय कार्यालयों में प्रातः 8 बजे, जिला कलक्टर निवास प्रातः 8:15 बजे, जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता एवं बाल-विवाह रोकथाम की शपथ भी दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के पश्चात दोपहर 1:30 बजे खेल स्टेडियम दशहरा मैदान पर फुटबॉल मैच का आयोजन जिला प्रशासन बनाम अन्य के साथ होगा।

### तिरंगा यात्रा का आयोजन

**निसं,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर आज बयाना शहर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सहभागिता करने का सौभाग्य मुझे भी प्राप्त हुआ। देशभक्ति के जोश और उमंग से भरे इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। सभी ने एकजुट होकर हाथों में तिरंगा थामे, राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ देश के प्रति अपनी आस्था और निष्ठा प्रकट की। इस सफल आयोजन हेतु सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी की सहभागिता ने इस यात्रा को स्मरणीय बना दिया।

### रैली के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। भारत विकास परिषद शाखा सुभाष के तत्वाधान में गुरूवार को विशाल तिरंगा रैलीकाआयोजन किया गया। रैली में सजीव झांकियोके साथ हजारो ककी संख्या में स्कूली बच्चो व आमजन ने भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रांतीय अध्यक्ष हर्षवर्धन शर्मा एडवोकेट थे व मुख्य अतिथी एडीएम रामकिशोर मीना थे। विशिष्ठ अतिथी उपजिला कलेक्टर बृजेन्द्र मीना, तहसीलदार अजय मीना, सूरज गर्ग, आशीष शर्मा, प्रांतीय संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, हनुमान मुक्त, शाखाध्यक्ष मदनमोहन गौतम आदि थे। मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्जवलन कर तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान देश भक्ति के नारो से आसमान गुजंयमान हो गया। तिरंगा यात्रा करीब 2 किलोमिटर लम्बी रही। इस दौरान सैकडो की संख्या में स्कूली छात्रो, शहर के गणमान्य लोगो सहित आमजन ने भाग लिया। रैली का जगह जगह माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी अपने हाथो में तिरंगा ले कर चल रहे थे। तिरंगा यात्रा आसेवाल चुगी नाके से होते हुए नगर परिषद के सामने, हायर सैकण्डरी रोड, सब्जी मण्डी, व्यापार मण्डल से पुरानी अनाज मण्डी होते हुए पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची। यहां का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि यात्रा एक सिरा प्राइवेट बस स्टेण्ड पर तो एक सिरा सब्जी मण्डी के यहा था जिसकी दूरी डेढ से दो किलोमीटर के बीच थी। इस दौरान परिषद के कार्यकर्ता व्यवस्थाओ को संभालनेमें लगे रहे।

### सुरेश योगी ने जीता प्रथम स्थान

**सूरौठ,** (निसं)। पी.एम. श्री स्वतंत्रता सेनानी चिरंजी लाल शर्मा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, करौली में जिला स्तरीय समृद्धि प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन हुआ। यह आयोजन अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, करौली, श्री सर्वेश गुप्ता के तत्वावधान में संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, गोपाल प्रसाद मीना ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि समृद्धि जैसी प्रतियोगिताएं शिक्षण में नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम प्रभारी राजेंद्र मीणा ने बताया कि जिलेभर से दो दर्जन से अधिक चयनित शिक्षकों ने इसमें भाग लिया। प्रत्येक ब्लॉक से आए प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रस्तुतियों में कला, रचनात्मकता और नवीन शिक्षण विधियों का अद्भुत संगम पेश किया। इस अवसर पर सहायक परियोजना समन्वयक, बिजेंद्र शर्मा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, नारायण सिंह, सुरेश मीना, तथा प्रधानाचार्य, पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बाटदा, गिर्राज मीना (व्याख्याता भौतिक) सहित अनेक शिक्षाविद् मौजूद रहे। कड़ी प्रतिस्पर्धा और निर्णायकों के सूक्ष्म मूल्यांकन के बाद, प्रथम स्थान पर सुरेश चन्द योगी, व्याख्याता रसायन, एमजीजीएस हिण्डौन ने कब्जा जमाया, जबकि द्वितीय स्थान रघुराज राज सिंह, व्याख्याता, जीएसएसएस महस्वा को प्राप्त हुआ और तृतीय स्थान लखन लाल माली, व्याख्याता, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रतियापुरा, ब्लॉक मासलपुर ने हासिल किया।

### तिरंगा रैली का भव्य आयोजन

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। आजादी का अमृत महोत्सव एवंहर घर तिरंगाअभियान के तहत 14 अगस्त 2025 को राजीव गांधी महाविद्यालय में तिरंगा रैली का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। रैली की अगुवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रद्युमन सिंह गुर्जर एवं प्रो. डॉ. विक्रम सिंह गुर्जर ने की। इस अवसर पर थाना नादौती के थाना अधिकारी वीर सिंह गुर्जर, महाविद्यालय का पूरा स्टाफ तथा 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर नादौती-सिकंदरा रोड तक निकाली गई। पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारों और तिरंगे की शान के गीतों से माहौल गूंज उठा। रैली का मुख्य संदेशझंडे का सम्मान करनातथा इसे साहस, शांति और समृद्धि का प्रतीक मानते हुए एकता का भाव जागृत करना रहा। इस आयोजन ने विद्यार्थियों एवं नगरवासियों में देशभक्ति की भावना और राष्ट्रीय एकता के संकल्प को और प्रबल किया।

**नाम संशोधन**

मैं धर्मेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र भोलाराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी छापर तहसील मासलपुर जिला करौली (राज.) शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि श्रृषभ शर्मा मेरा पुत्र है। मेरे पुत्र का स्कूल में प्रवेश कराते समय गलती से मेरी पत्नि का नाम बंदना शर्मा के स्थान पर धर्मेन्द्र दर्ज हो गया। जो गलत है। जबकि मेरी पत्नि का सही नाम बंदना शर्मा और मेरा नाम धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ही है। जो मेरे समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। मेरे पुत्र श्रृषभ शर्मा के स्कूल रिकार्ड में मेरी पत्नि का बंदना शर्मा ओर मेरा धर्मेन्द्र कुमार शर्मा नाम दर्ज किया जावें।

### दल रवाना

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सक्षम राजस्थान की तरफ से रामदेवरा में नेत्र कुंभ महा मेले का आयोजन किया गया है। नेत्र महाकुंभ में गंगापुर सिटी से सक्षम महिला प्रकोष्ठ राजस्थान की संयोजिका डॉक्टर सरिता बंसल के नेतृत्व में दल 19 अगस्त तक सेवाएं देने के लिए रवाना हुआ है।

**कार्यालय पीईईओ/प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पीपला ( भरतपुर )**

क्रमांक: 2150 दिनांक-13.8.2025

**नीलामी विज्ञप्ति 2025-2026**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय विद्यालय मे श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सेवर भरतपुर के आदेश क्रमांक-सीबीईओ/सेवर/लेखा/2025-26/730 दिनांक 1.8.2025 की अनुपालना में दिनांक 20.08.2025 को खुली बोली द्वारा अनुपयोगी नकारा सामान की नीलामी होनी है। इच्छुक बोलीदाता को जिनके पास जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन व आधार कार्ड होना चाहिए, इच्छुक बोलीदाता विद्यालय में आकर अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलमी का समस्त अधिकारी नीलामी कमेटी के पास होंगे।

( प्रकाश सिंह चौधरी )
पीईईओ/प्रधानाचार्य
राजकीय उ.मा.वि.पीपला-भरतपुर

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन मार्च निकाला

**भरतपुर,** (निसं)। भाजपा ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन मार्च निकाला।

तत्कालीन शासकों की सत्ता लोलुप राजनीति के कारण न केवल इस अखण्ड भारत के दो टुकड़े हुए। उस समय की हुई मार काट, नरसंहार और महिलाओं के साथ हुए अत्याचार ने मानवता को कंलकित करने का घृणित कार्य किया। अतः उस समय काल कलवित हुए नागरिकों को स्मरण करने, सत्ता लोलुप पार्टीयों और नेताओं का बहिष्कार करने के एवज में भारतीय जनता पार्टी भरतपुर के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा के नेतृत्व में चौबुर्जा पर से मौन जुलूस निकाला जो शान्ति प्रिय तरीके से लक्ष्मण मन्दिर पर जाकर समाप्त हुआ। भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अन्य संगठनों के सदस्य भी इस पैदल मार्च में शामिल हुए। पैदल मार्च में कार्यक्रम के जिला संयोजक गोविन्द चौधरी ने बताया कि देष का बटवारा इतिहास का सबसे बड़ा दर्दनाक हादसा है नफरत की कोख से जन्मे इस दर्द को देषवासियों ने हिंसा और विस्थापन से भी झेला है। देष के विभाजन में पण्डित नेहरु की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आज इस काले दिवस पर हमें भेदभाव, वैमन्स्य और दूंभावना के जहर को खत्म कर एकता, अखण्डता, सामाजिक सदभाव और मानवीय सवेदनाओं को मजबूत करने का प्रण लेना चाहिए और चाटूकारों से भारतीय नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए। मौन मार्च में प्रदेष प्रवक्ता शैलेश कौशिक, पूर्व प्रदेष मंत्री गिरधारी तिवारी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरधारी गुप्ता, पूर्व जिला महामंत्री भगवानदास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्यामसुन्दर गौड़, रज्जन सिंह, मनोज खण्डेलवाल, जगदीष अजान, जिला महामंत्री बृजेष अठावाल, गोविन्द चौधरी, जिला सह-संयोजक दिनेष भातरा, जिला मीड़िया प्रभारी एवं प्रवक्ता डॉ. वीरेन्द्र पचौरी, जिला सह-संयोजक आई.टी. विभाग सुनील सहनावली, मण्डल अध्यक्ष संजीव शर्मा, जीतेन्द्र फौजदार, प्रकाष भोलू सुनारी, प्रहलाद उवार, चन्द्रवीर जघीना, बबलू कुरका, मोहित चतुर्वेदी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष गौरव लुधावई,जगत सिंह गुर्जर, आकाश हथैनी, दिनेश लवानियाँ, दीपू पण्डित, गिरीष भारद्वाज, दीपक मुदगल, नरेष जाटव पार्षद, अन्नू फौजदार, अनामिका चौधरी, दुश्यन्त सिंह, भुवनेश्वरी दिक्षित, लक्ष्मी शर्मा, कुलदीप पोशवाल, देवेन्द्र चामड, योगा सहनावली, मोनू काजलवाला, वीरेन्द्र गुर्जर, वेदो लवानियाँ, पंकज शर्मा, कपिल खौकर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# शिक्षक संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**करौली,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा करौली के अध्यक्ष व जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान व गब्बू सिंह चौहान के नेतृत्व में आज सर्किट हाउस में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए राजस्थान सरकार के शिक्षा मंत्री के नाम 5 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षक संघ ने समस्त संवर्गों के स्थानांतरण पर से प्रतिबन्ध हटाने, समयबद्ध कार्यक्रम बना कर पदोन्नितयां करने, रिक्त पदों को शीघ्र भरने, शिक्षकों को गैर शैक्षिणक कार्यों से मुक्त रखने तथा तृतीय श्रेणी व प्रबोधकों की वेतन विसंगतियों को दूर करने की प्रमुखता से माँग की है।जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना व महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने बताया कि नई सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने को है किन्तु लम्बे समय से शिक्षकों की मांगो का निस्तारण नहीं होने पर प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर आज संघ की उपशाखाओं द्वारा पूरे प्रान्त में क्षेत्र के विधायकों को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा रहे हैं तथा उचित कार्यवाही नहीं होने पर संघ को आंदोलनात्मक कदम उठाने पर मजबूर होना पडेगा। ज्ञापन सौंपने में उपशाखा मंत्री राधेश्याम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल लाल गुप्ता, रामभजन जाटव कोषाध्यक्ष, देवेन्द्र सिंह नारवाल,आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार मंडरायल उपशाखा अध्यक्ष गणपत लाल मीना, मंत्री बत्ती लाल मीना, रामावतार मीना आदि पदाधिकारियों द्वारा सपोटरा विधायक हंसराज मीना को शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

# विद्युत चोरी कर रहे लोगों पर 11 लाख का जुर्माना

**हिण्डौन सिटी,** (का.सं.)। शहर के आसपास के गांवों में विद्युत सतर्कता ने विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के घर बुधावर को छापा मार कर ग्यारह लाख रूपऐ का जुर्माना ठोका।

जानकारी के अनुसार जयपुर डिस्कांम हिण्डौनसिटी के अधीन क्षेत्रो शहदगी का पुरा, रूपसिंह का पुरा, चिम्मन का पुरा, कृष्णा कॉलोनी पण्डा वाला कुआं इत्यादि क्षेत्रों में विद्युत चोरी करने उपभोक्ताओं के खिलाफ सतर्कता जॉच ने अलग-अलग टीमें गठित कर सघन अभियान चलाया गया जिसमें कुल 19 नम्बर सतर्कता जॉच प्रतिवेदन भरी गई जिनकी कुल 11 लाख का जुर्माना लगाया है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) जयपुर डिस्कांम जयपुर एवं रूपसिंह गुर्जर-अधीक्षण अभियंता (पवस) जयपुर डिस्कां करौली के निर्देशानुसार आज दिनांक 13.08.25 को नवरतन वैरवा अधिशाषी अभियंता (सतर्कता) जयपुर डिस्कांम करौली और मुकेश कुमार गुप्ता अधिशाषी अभियंता हिण्डौनसिटी (पवस) जयपुर डिस्कांम हिण्डौनसिटी के नेतृत्व में सहायक अभियंता (अ-प्रथम)- अरविन्द कुमार गुप्ता सहायक अभियंता (अ-प्रथम) जयपुर डिस्कॉम हिण्डौन, सीताराम मीना सहायक अभियंता (अ-द्वि) जेपीडी हिण्डौनसिटी, हेमंत कुमार मीना सहायक अतभियंता (पवस) जेपीडी श्रीमहावीरजी, गौरव कुमार स्वर्णकार कनिष्ट अभिंता (सिटी-प्रथम) जेपीडी हिण्डौन, चिरोग गुप्ता (आर-सिटी) जेपीडी हिण्डौनसिटी, दिलीप डूरिया कनिष्ठ अभियंता (सिटी-द्वितीय) जेपीडी हिण्डौनसिटी मय शहर के समस्त तनकीकी कर्मचारी सम्मलित रहे आगे भी चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी आमजन से अपील है कि विद्युत चोरी नही करें और आसपास हो रही विद्युत चोरी की सूचना से विभाग को तुरंत अवगत करायें।

### वृक्षारोपण किया

**करौली,** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के संभाग प्रभारी जयपुर के पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने करौली में तिरंगा यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व खादी संस्था ग्राम सेवा मण्डल करौली स्थित स्वतंत्रता सैनानी चिरंजीलाल शर्मा के स्मारक स्थल पर पहुंचकर स्वतंत्रता सैनानी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर स्मारक स्थल पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल, पूर्व विधायक व भाजपा संगठन संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, ग्राम सेवा मण्डल के मंत्री सौरभ शर्मा, पूर्व पदाधिकारी सुरेश शर्मा मुन्ना जी, समाजसेवी बबलू शुक्ला, ललित हरदैनीय, रॉबी पाल, मौजूद रहे। पूर्व सांसद ने इस दौरान खादी उत्पादों का अवलोकन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी उत्पाद अपनाकर आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान देने का आव्हान किया। संस्था परिसर में पधारने पर संस्था के मंत्री सौरभ शर्मा ने अतिथियों का स्वागत कर संस्था के कार्य और उत्पादन की जानकारी दी इस दौरान ललित हरदैनिया, बालकृष्ण शर्मा, भानु दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री चौधरी हरीसिंह कुम्हेर को किया याद

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान के पूर्व मंत्री चौधरी हरीसिंह कुम्हेर की नवम पुण्यतिथि पर उनके निज निवास पर परिवारीजनों ने गायत्री महायज्ञ किया। चौधरी हरीसिंह का जीवन छात्र राजनीति से आरम्भ हुआ और उन्होंने सर्वप्रथम भरतपुर न्यायालय में वकालत से अपना व्यवसाय शुरू कर जीवन भर लोकतंत्र और भारतीय संविधान में आस्था रखते हुए पार्षद के चुनाव से विधानसभा के चुनावों तक में संघर्ष कर अपनी ख्याति स्थापित की।

वह कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र से 3 बार कांग्रेस के विधायक रह कर पांच वर्ष स्वतंत्र प्रभार के डेयरी व पशुपालन मंत्री रहे। भरतपुर जिला परिषद के प्रशासक, राजस्थान के राज्य के कई प्रतिष्ठित निगम व बोर्डों के सदस्य, भरतपुर स्तरीय 20 सूत्रीय कार्यक्रम कमेटी के अध्यक्ष, भरतपुर नगर परिषद के स1963 से 1972 के मध्य दो बार हुए चुनावों में पूर्ण काल के सफल सभापति, भरतपुर उपभोक्ता भंडार व अरवन कोपरेटिव बैंक के अध्यक्ष, राजस्थान एम्योचर एथलीट के अध्यक्ष, राजस्थान किसान कांग्रेस के अध्यक्ष तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के सदस्य एवं भरतपुर जिला कांग्रेस के लम्बे समय तक अध्यक्ष रहे।

जिला कांग्रेस द्वारा भूरीसिंह व्यायामशाला पर श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश सूपा ने की जिसमें राजीव सिंह कुम्हेर व सुधीर सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान, डॉ. दयाचंद पचोरी शहर कांग्रेस अध्यक्ष, धर्मेन्द्र शर्मा, राजाराम भूतौली, प्रेमसिंह प्रजापत, निहाल सिंह, डॉ. योगेन्द्र सिंह, सतीश सोगरवाल, सतीश सिंह, सुगड सिंह वैर, सुगड सिंह नगर, निरंजन जघीना सेवादल, अनिश शर्मा, ब्रजेश शर्मा, श्याम सिंह गुर्जर, जगदीश बंजी, बाबूसिंह फौजदार, ववीता शर्मा, अशोक लवानियां, दलवीर कासौठ आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा यात्रा निकाल दिया देशभक्ति का संदेश

**भरतपुर,** (निसं)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर कैलाश विश्नोई एवं जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज आईपीएस के नेतृत्व में जिला पुलिस भरतपुर की ओर से तिरंगा यात्रा रैली निकाल देशभक्ति का संदेश दिया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज आईपीएस ने तिरंगा यात्रा को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला पुलिस के अधिकारी, जिला पुलिस घुड़सवार दस्ता, कालिका यूनिट, महिला गश्ती दल सहित जिला पुलिस के जवान मौजूद रहे। हर घर तिरंगा अभियान के तहत भरतपुर पुलिस जवानों की तिरंगा यात्रा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आरम्भ होकर डिग्गी चौराहा, मानसिंह सर्किल, बिजली घर चौराहा से यातायात सर्किल से होते हुए रिजर्व पुलिस लाइन भरतपुर पहुंचकर सम्पन्न हुई।

### महिला चिकित्सक की मौत

**करौली,** (निसं)। मदन मोहन जी से दर्शन कर निवास के लिए स्कूटी से जाते समय डॉ. दीक्षा सिरोही की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए मुर्दाघर में रखा। जिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामकेश मीणा ने बताया कि जिला अस्पताल में पड़े स्थापित एनेस्थीसिया डॉक्टर दीक्षा सिरोही शाम के समय मदन मोहन जी के दर्शन कर स्कूटी से तीन बड स्थित निवास पर जा रही थी ट्रक यूनियन चौराहे के पास ट्रोला से इतनी जबरदस्त टक्कर हुई की महिला चिकित्सक का सिर सड़क पर चिपक गया।


# 'कृष्ण भोग कार्यक्रम' का आयोजन, बालिकाओं को कराया भोजन

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। लायंस क्लब गरिमा ने आज अपने सेवा-संस्कार और मानवीय मूल्यों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, कल्याण जी गेट में 'कृष्ण भोग कार्यक्रम' का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल स्वादिष्ट भोजन का प्रसाद था, बल्कि इसमें स्नेह, प्रोत्साहन और सम्मान की भावना भी समाहित थी। कार्यक्रम के अंतर्गत क्लब के सभी सदस्यों ने विद्यालय में अध्ययनरत 211 बालिकाओं को अपने हाथों से प्रेमपूर्वक परोसकर भोजन करवाया। भोजन के उपरांत प्रत्येक बालिका के माथे पर तिलक कर उन्हें आकर्षक उपहार भेंट किए गए।

माह अगस्त में जिन बालिकाओं का जन्मदिन आता है, उनके लिए विशेष रूप से जन्मदिन का केक कटवाया गया, जिससे विद्यालय परिसर उत्सव और उमंग से भर उठा। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हनुमान प्रसाद गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका स्वागत लायंस क्लब गरिमा एवं विद्यालय परिवार द्वारा पारंपरिक साफा-माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने इस आयोजन को अभूतपूर्व और अनुकरणीय बताते हुए विद्यालय में क्लब द्वारा वर्षों से किए जा रहे सहयोग की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में भी व्यक्तिगत स्तर पर हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। लायंस क्लब गरिमा का यह आयोजन यह साबित करता है कि सेवा केवल सहायता नहीं, बल्कि प्रेम, सम्मान और प्रेरणा का संगम है। यही वह ऊर्जा है, जो समाज में परिवर्तन और मुस्कान दोनों लाती है।

लायंस क्लब गरिमा ने शिक्षा को प्रोत्साहन देने के अपने संकल्प के तहत गत शैक्षणिक सत्र में 12वीं कक्षा में 75त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं सोनिया वर्मा एवं मनीषा गुर्जर को विशेष प्रोत्साहन स्वरूप हवाई यात्रा के टिकट प्रदान किए। यह यात्रा 18 अगस्त को दिल्ली से जयपुर हवाई जहाज द्वारा सम्पन्न होगी, जो इन प्रतिभाशाली बालिकाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र मीना ने विद्यालय परिवार की ओर से लायंस क्लब गरिमा के सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढाते हैं, बल्कि उन्हें समाज में आगे बढने के लिए प्रेरित भी करते हैं। इस सेवा कार्य में क्लब के अध्यक्ष रूछ्वस्न लायन पंकज मंगलम, सचिव लायन वीरेंद्र आर्य, रेणु आर्य, कोषाध्यक्ष लायन सोमव्रत अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, प्रशासक क्करूछ्वस्न लायन डॉ. आशीष कुमार शर्मा, हिना गौत्तम, लायन सौरभ बरडयि, लायन कृष्ण कुमार गोयल, भावना गोयल, लायन मनीष अग्रवाल, लायन ओमप्रकाश अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, लायन सचिन बंसल, सपना बंसल, लायन विनोद खंडेलवाल, पूजा खंडेलवाल, लायन अतुल खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, लायन अंकुश सिंघल, सुधा सिंघल, लायन वासुदेव बंसल, लायन मनीष गोयल, लायन लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, रीना अग्रवाल, लायन विश्वनाथ गोयल, निशा गोयल सहित क्लब के सभी सदस्य एवं विद्यालय के स्टाफ सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।


RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY




**रीको औद्योगिक क्षेत्रों में होटल भूखण्ड**

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 25 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 26 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 28 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिरोही | आबूरोड | ग्रोथ सेंटर -II | CP-1 (Corner) | 1750.50 | 7500.00 |
| 2 | धौलपुर | भरतपुर | ग्रोथ सेंटर (विस्तार) धौलपुर | CP-8 (Corner) | 7378.00 | 15000.00 |
| 3 | भीलवाडा | भीलवाडा | ग्रोथ सेंटर हमीरगढ़ स्वरूपगंज के पास | CP-25 | 2697.00 | 7000.00 |
| 4 | खैरथल-तिजारा | भिवाड़ी-I | भिवाडी | HT-61 | 4074.00 | 65000.00 |
| | | | कहरानी | HT-1(Corner) | 4402.30 | 50000.00 |

ईएमडी — प्रारम्भ तिथि: 11 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 26 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 27 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 29 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| क्र.सं. | जिला | रीको इकाई कार्यालय | औद्योगिक क्षेत्र | भूखण्ड क्रमांक | क्षेत्रफल (वर्गमी) | आरक्षित दर (प्रति वर्गमी) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयपुर | जयपुर (ग्रामीण) | कांट-कालवाड़ (विस्तार) | HP-21 | 24081.00 | 10000.00 |
| | | | | HP-16 | 13213.03 | 11000.00 |
| | | | | HP-17 | 12761.50 | 10500.00 |
| | | | | HP-4 | 14081.05 | 12000.00 |
| 2 | अजमेर | किशनगढ़ | किशनगढ़- III (मार्बल मंडी) | CP-1 | 1425.00 | 50000.00 |
| 3 | टोंक | सवाईमाधोपुर | आईआईडी सेंटर निवाई कॉमर्शियल ब्लॉक- 1 | Hotel-2 | 960.00 | 15000.00 |
| 4 | श्रीगंगानगर | श्रीगंगानगर | 13 एल.एन.पी. (पतीखिया) | Hotel (Corner) | 1405.77 | 15000.00 |
| | | | अनूपगढ़ फेज- II | Hotel | 3081.00 | 22500.00 |
| 5 | उदयपुर | उदयपुर | गुडली | SP-1 (Corner) | 4405.00 | 15400.00 |

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राज.संवाद/सी/25/8204

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in



RIICO GROW WITH RAJASTHAN
राजस्थान सरकार का उपक्रम
RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

**औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार**

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



अन्तिम 4 दिन शेष

**आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना**

72 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 509 कुल भूखण्ड | 462 औद्योगिक भूखण्ड | 47 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

ईएमडी — अंतिम तिथि: 18 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 19 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 21 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 71 | आबू रोड़ | 01 | चूरू |
| 30 | अजमेर | 14 | बीकानेर |
| 04 | अलवर | 05 | झुंझुनू |
| 07 | भिवाड़ी-I | 10 | भरतपुर |
| 28 | भिवाड़ी-II | 28 | किशनगढ़ |
| 14 | बोरानाडा | 21 | भीलवाड़ा |
| 02 | दौसा | 03 | नीमराना |
| 10 | घिलोठ | | |

ईएमडी — अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे)
ऑनलाईन बिड — प्रारम्भ तिथि: 20 अगस्त, 2025 (प्रात: 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 22 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 37 | पाली | 06 | जयपुर (दक्षिण) |
| 35 | झालावाड़ | 01 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 03 | जालोर | 67 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 22 | राजसमंद | 01 | जोधपुर |
| 30 | कोटा | 02 | श्रीगंगानगर |
| 01 | सीकर | 04 | सवाई माधोपुर |

राज.संवाद/सी/25/8184

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ
*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in
आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in